बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
प्राचार्य का कार्यालय
मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी,
मुजफ्फरपुर – 842003

मुजफ्फरपुर, दिनांकः 09/08/2024

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06 / 2024–25

मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, मुजफ्फरपुर के लिए महाविद्यालय के चल एवं अचल संपत्ति की सुरक्षा एवं परिसर में आगंतुकों पर कड़ी नजर रखने के उद्येश्य से विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 3672 दिनांक– 29.09.2023 में निहित प्रावधानुसार निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी (न्यूनतम 5 वर्ष) सुरक्षा एजेन्सियों से सुरक्षा गार्ड (पुरूष एवं महिला) एवं अन्य कार्य हेतु माली, स्वीपर इत्यादि की आपूर्ति हेतु निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी एजेन्सी (न्यूनतम 5 वर्ष) से विज्ञापन जारी करने की तिथि से दिनांक– 09.09.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदादाता का जेम (GEM i.e. Government e-marketplace)/eproc2.bihar.gov.in पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य है एवं इसी माध्यम से ही तकनीकी निविदा (Technical Bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) समर्पित करेंगे। तकनीकी निविदा में वांछित सूचनाएँ/प्रमाण पत्र उपलब्ध होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। निविदा पत्र संस्थान के वेबसाइट www.mitmuzaffarpur.org से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा पत्र के लिए 1000/–रू0 का Non Refundable बैंक ड्राफ्ट जो **Principal, M.I.T., Muzaffarpur** के नाम से हो एवं जो **Muzaffarpur** में भुगतेय हो, को निविदा की अंतिम तिथि या उससे पहले संस्थान में जमा करना होगा। तकनीकी निविदा में 1. 1st Class Judicial magistrate द्वारा प्रदत Non Blacklisting का शपथ पत्र, 2. प्रतिष्ठान/फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, 3. पैन नं0, 4. पिछले तीन वर्षो का इनकम टैक्स रिटर्न, 5. गृह विभाग, बिहार, पटना से निबंधन प्रमाण पत्र, 6. ई0पी0एफ0 निबंधन प्रमाण पत्र, 7. ESI निबंधन प्रमाण पत्र, 8. कम्पनी एक्ट निबंधन प्रमाण पत्र, 9. सरकारी कार्यालयों/बोर्ड में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र, 10. न्यूनतम पाँच वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र एवं E.P.F. एवं E.S.I जमा करने का साक्ष्य पूर्व में कार्यरत कर्मियों का Training Video इत्यादि संलग्न करना होगा तथा (पचीस हजार) 25000 रू0 का बैंक ड्राफ्ट, प्राचार्य, एम. आई .टी., मुजफ्फरपुर के नाम रहेगा, जो निविदा प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात लौटा दिया जायेगा, संलग्न करना होगा। तकनीकी निविदा के साथ सभी आवश्यक कागजातों/प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति मोहर सहित Site पर अपलोड करना होगा एवं तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा को अलग–अलग लिफाफों में रखते हुए एक बड़े लिफाफे में रखकर एवं मोहरबंद कर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से बाहरी लिफाफा के उपर निविदा सूचना संख्या एवं संबंधित फर्म/प्रतिष्ठान का पुरा पत्ता अंकित करते हुए निर्धारित अवधि में संस्थान में भी भेजना होगा।

सुरक्षा एजेन्सी के सफल निविदादाता को सुरक्षित जमा राशि के रूप में रू0 200000/– (दो लाख) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, एम. आई. टी., मुजफ्फरपुर के नाम जमा करना होगा जिसपर किसी प्रकार का सूद देय नही होगा एवं कर्त्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण महाविद्यालय के Assets/Properties को क्षति होने पर सुरक्षित जमा राशि जब्त कर ली जायेगी तथा क्षतिपूर्ति हेतु आवश्यक कानूनी कारवाई की जायेगी।

निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, मुजफ्फरपुर को सुरक्षित होगा जिसके लिए कारण बताना आवश्यक नही होगा। निविदा संबंधी गलत जानकारी देने पर सुरक्षित राशि जब्त कर समुचित कारवाई की जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु शेष सूचनायें निविदा पत्र में अंकित रहेगी। सफल निविदादाता मानदेय नियोजित सभी कर्मी को ड्रेस उपलब्ध करायेगें तथा ससमय E.P.F एवं E.S.I का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगें।

निविदा संबंधित अन्य सभी जानकारी संस्थान के website: www.mitmuzaffarpur.org पर उपलब्ध है। जिसके प्रत्येक कंडिका में निहित प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य है।

9/8/24

प्राचार्य
एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर।

09.08.24

09/08/24